सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बाल भारती पब्लिक स्कूल, जैतहरी के छात्रों का रहा उत्कृष्ठ प्रदर्शन:-

जैतहरी, दिनांक 13.05.2024,

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी0बी0एस0ई0) दिल्ली द्वारा घोषित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं सत्र 2023-24 के परीक्षा परिणामों में बाल भारती पब्लिक स्कूल, एमबी पॉवर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड, जैतहरी जिला-अनूपपुर के विज्ञान और वाणिज्य दोनों ही संकाय के छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा है।

जहां विज्ञान संकाय में, माधवी ध्यानी ने 94 प्रतिशत उत्कृष्ट अंकों के साथ अग्रणी स्थान हासिल किया, चंद्रप्रभा प्रजापति 89 प्रतिशत अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, वहीं स्नेहा सिंह ने 88.40 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर विद्यालय को गौरान्वित किया है।

इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में, सौम्या अग्रवाल ने 85.40 प्रतिशत के प्रभावशाली अंको के साथ अग्रणी स्थान हासिल किया, विपिन प्रताप सिंह राठौर 81.60 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं महक राठौर ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 77.40 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

बता दे कि बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले छात्रों में से कंपनी प्रभावित परिवारों के छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक है जिन्हें कंपनी के द्वारा शिक्षा, गणवेश, पुस्तकें, मध्यान्ह भोजन आदि निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराया जाता है।

कंपनी प्रबंधन की ओर से प्लांट प्रमुख बसन्ता कुमार मिश्रा एवं मानव संशाधन व प्रशासन विभाग के प्रमुख आर0के0 खटाना ने उत्कृष्ठ एवं होनहार विद्यार्थियों को उनके स्वर्णिम भविष्य के लिये शुभकामनायें दीं।

बाल भारती स्कूल की प्राचार्या उन्नति जोशी ने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और उनकी सफलता का श्रेय छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता, कंपनी प्रबंधन, स्कूल प्रबंधन को दिया एवं शैक्षणिक प्रतिभा के पोषण और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने में स्कूल और समुदाय के बीच सहयोगात्मक प्रयासों पर जोर देते हुए अपनी बधाई दी।